# बरसात के बाद शहर की सड़कों के हालात खराब, आमजन परेशान

## जगह-जगह हुए गड्ढों से हो रहे हादसे

**अजमेर,** (कासं)। शहर में हुई तेज बरसात के बाद प्रमुख सडक़ों पर जगह-जगह बड़े बड़े गढ्डे हो गए है। कई कॉलोनियों की सडक़ें, नालों पर बनी पुलिया में दरार आ गई है। सडक़ों पर गड्ढे होने और उनमें बरसात का पानी भरा होने से हादसे घटित हो रहे हैं। वाहन चालकों को परेशानी सामना करना पड़ रहा है। कई कॉलोनियों में निगम द्वारा सीवर लाइन के लिए खोदी गई सडक़ों पर दुबारा नहीं बनाने से पानी भर होने से क्षेत्रवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**पैदल चलना भी दुभर:-** स्मार्ट सिटी कहलाने वाले अजमेर शहर में करीब सभी क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से लेकर आवासीय क्षेत्रों में बनी अधिकांश सडक़ें क्षतिग्रस्त व पानी भरा होने से वाहन चालकों के साथ साथ पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। गली मोहल्लों की सडक़ों पर पानी भरा होने से हालात गंभीर है। शहर के प्रमुख मार्गों स्टेशन रोड, वैशाली नगर, नसीराबाद रोड, अजय नगर, कचहरी रोड, नाका मदार रोड, फॉयसागर रोड, आगरागेट, महावीर सर्किल सहित अन्य मार्गों तथा वैशाली नगर की फ्रेंड्स कॉलोनी, आदर्श नगर विज्ञान नगर, पंचवटी कॉलोनी, गुलाबबाड़ी क्षेत्र सहित अन्य कॉलोनियों सडक़ें भी खास्ता हाल है।

वैशालीनगर ईदगाह रोड की दरकी पुलिस व सडक़ तथा सीवर लाइन के बाद छोड़ी गई सडक़ में भरा पानी।

**सीवरेज डालने के बाद रेस्टोरेट का कार्य नहीं होने से परेशानी:-** नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की कई कॉलोनियों में सीवर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा सीवर लाइन डालने के दौरान सडक़ों की खुदाई कर लाइन तो डाल दी गई, लेकिन रोड रेस्टोरेट का कार्य नहीं करने से तेज बरसात का पानी खुदी हुई सडक़ पर भरने से क्षेत्रवासियों सहित दुपहिया-चौपहिया वाहन चलाकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वाहनों के गढ्डों में फंसने से हादसे भी हो रहे है।

**आमजन हो रहे कमर दर्द के शिकार:-** खस्ता हाल सडक़ों पर दुपहिया और चौपहिया वाहन से सफर करने वाले लोग कमर दर्द के शिकार हो रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो वाहन चलाते समय गड्ढों में जाने से लगने वाले झटकों से कमर व रीढ की हड्डी में दर्द होने लगा है।

## 'वेदों की ओर लौटने से ही मानव का कल्याण संभव'

**अजमेर,** (कासं)। प्रेम प्रकाश आश्रम ट्रस्ट सिटी लाईट तेरापंथ भवन के महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानन्द सागर महाराज ने मंगलवार को चातुर्मास में अपने सत्संग प्रवचन और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करवाते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि मानव मात्र का कल्याण वेदों की ओर लौटने से ही संभव होगा। उन्होंने भजन के माध्यम से बताया कि सुख चाहते है मानव तो वेद की ओर लौटों।

प्रेम प्रकाश मंडल के सन्त स्वामी जस महाराज व पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि सतसंग प्रवचन में महामंडलेश्वर ने अपने चातुरमार्स में बताया कि संसार में जैसी हमारी दृष्टि होती है हमें उसी प्रकार की सृष्टि नजर आती है। महामंडलेश्वर विशोकानन्द महाराज ने बताया कि परमात्मा ने यह सृष्टि बनाई है और वह इस रचना के कण कण में समाया हुआ है परन्तु हमारी नजर पर काम, क्रोध, लोभ मोह और अहंकार के पर्दे लगे होने के कारण हमें दिखाई नही देता है। इसलिए हमें परमात की खोज के लिए वेदों की ओर लौटना होगा और सन्तों महात्माओं के सान्निध्य में रहकर परमात्मा की खोज अपने अन्तर में से ही करनी होगी।

## सार-समाचार

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

जीनल लाहोटी।

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)।अग्रसेन नगर निवासी लाहोटी परिवार की होनहार बिटिया जीनल लाहोटी ने इनलाइन स्केट्स में सफलता हासिल कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। हर्ष लाहौटी की लाडली बिटिया एवं अनिल लाहोटी की पोत्री जीनल अभी दो साल सात माह की है। नन्ही बिटिया ने इनलाइन स्केट्स में एक किलोमीटर 170 मीटर की दूरी मात्र 31 मिनट 41 सेकेंड में तय की, जो कि किसी आश्चर्य से कम नहीं है। जीनल अपने बड़े भाई नो वर्षीय पार्थ लाहोटी से प्रेरित होकर उन्हें देखते ही देखते बिना किसी प्रोफेशनल ट्रेनिंग के इतने लंबे समय तक अपने पैरों को गजब का संतुलन बनाए रखा।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर ली बैठक

**नागौर,** (निसं)। स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाए जाने हेतु कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं पूर्व तैयारी के संबंध में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एडीएम चंपालाल जीनगर ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह 9 बजे जिला खेल स्टेडियम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मंजू बाघमार द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली जाएगी तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कलक्ट्रेट निवास पर 7:45 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके साथ ही सभी राजकीय कार्यालयों/विभागों व संस्थाओं पर सुबह 8 बजे कार्यालयाध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मुख्य समारोह स्थल पर माकूल व्यवस्थाएं बनाए रखने हेतु उपखंड अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, तहसीलदार, नगर परिषद आयुक्त, जिला खेलकूद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्थाएं करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।


**आम सूचना**

मेरे छोटे भाई राजू (अविवाहित) पुत्र सत्यनारायण जांगिड जाति जांगिड निवासी रामनेर रोड तेजा मार्केट के पास, मदनगंज किशनगढ़ का स्वर्गवास दिनांक 15 मई 2021 को मेरे उपरोक्त निवास स्थान पर हो गया है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। अत: किसी को भी इस बाबत कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में दर्ज कराये।

प्रार्थी-ओमप्रकाश जांगिड
पुत्र स्व. सत्यनारायण जांगिड

**आम सूचना**

मेरी पड़दादी श्रीमती लाड बाई पत्नी स्व. आनन्द मल जाति जैन निवासी पारको की हवेली, पुराना शहर किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 14 मई 1968 को मेरे उपरोक्त पैतृक निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया गया है। अत: किसी को भी इस बाबत कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में दर्ज कराये। प्रार्थी-सुनील कुमार जैन पुत्र स्व. शेखर चन्द जैन

**सूचना गुमशुदगी**

मेरे पक्षकारगण भास्कर एवं आदित्य पुत्र श्री दिनेश पाण्डे उम्र क्रमश: 31 वर्ष एवं 27 वर्ष निवासीगण शिव मन्दिर के पास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर के पिता श्री दिनेश पाण्डे पिछले लगभग 25-26 सालों से लापता हैं। मेरे पक्षकारगण की माता श्रीमती गीता शर्मा का 15 जनवरी 2014 को मृत्यु हो जाने पर भी उनके पिता दिनेश पाण्डे के लापता होने के कारण समस्त क्रियाक्रम मेरे पक्षकारगण द्वारा किया गया था। पिछले 25 वर्षों से दिनेश पाण्डे को किसी ने भी नहीं देखा है ना ही उनके विषय में कुछ सुना हैं। मेरे पक्षकारगण की स्व. माता द्वारा उनके पति दिनेश पाण्डे की गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई गई थी। मेरे पक्षकारगण को अपने पिता दिनेश पाण्डे की सिविल मृत्यु घोषित कराने के लिए यह गुमशुदगी दर्ज कराना आवश्यक हुआ है। यदि किसी भी व्यक्ति को दिनेश पाण्डे के विषय में कोई सूचना हो तो कृपया मेरे पक्षकार के मोबाईल नम्बर 9971720560 पर सूचित करें।

किशनगढ़ दिनांक- 05/08/2024
एडवोकेट सुजीत प्रकाश शर्मा
भाग्योदय कॉलोनी मदनगंज-किशनगढ़
मो.नं. 9252065424


## 'नियुक्ति होने तक पुराने अधिवक्ता ही कार्य करते रहेंगे'

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान सरकार के विधिक कार्य विभाग के शासन सचिव विधि राजेश गुप्ता द्वारा आज आदेश जारी करते हुए राजस्थान में कार्य कर रहे सभी लोक अभियोजक अपर लोक अभियोजक विशिष्ट लोक अभियोजक व राजकीय अधिवक्ताओं को जिनकी सेवा अवधि 31 जुलाई 2024 या उसके पूर्व पूर्ण हो गई है उन सभी को यथावत कार्य करने के आदेश जारी किए हैं।

विवेक पाराशर ने बताया कि उक्त आदेश से अजमेर जिले के तमाम राजकीय अधिवक्ता सरकार के आगामी आदेश तक यथावत कार्य करते रहेंगे पराशर ने बताया कि राजस्थान के तमाम सरकारी वकीलों की मांग उक्त नियुक्तियां नए सिरे से किए जाने के लिए भीम भारतीय न्याय संहिता के तहत जारी की जाए और उक्त मियाद वार हो चुकी नियुक्तियों के लिए विधि एवं विधिक कार्य विभाग मैनुअल 1999 के स्थान पर नए नियम 2024 भारतीय न्याय संहिता के तहत बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए जाटव रहे कि इन नियुक्तियों को लेकर विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली सहित कई विधायकों ने मांग उठाई थी और धारणा भी दिया था इस संबंध में तमाम लोक अभियोजक अपर लोक अभियोजक विशिष्ट लोक अभियोजक द्वारा संघर्ष समिति बनाकर अपनी मांग को जारी रखें मांग करने वालों में लोक अभियोजक विवेक पाराशर, राजेंद्र सिंह राठौड़, राजेश ईनाणी, गंगा राम रावत, गुलाम नजवी फारूकी, मंजूर अली, अशरफ बुलंद इत्यादि शामिल है।

## कार से आभूषण व मोबाइल चोरी

**अजमेर,** (कासं)। गंज थाना क्षेत्र स्थित अजयपाल बाबा के मंदिर में दर्शन करने गई महिला श्रद्धालु की कार से अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण सहित दो मोबाइल चुरा ले गए। पीड़िता ने गंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गंज थाने के एएसआई हनुमान सिंह ने बताया कि फॉयसागर रोड निवासी मधु कंवर अपनी बहन और बहनोई के साथ अजयसर स्थित अजयपाल बाबा के दर्शन करने गए थे। मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर उन्होंने अपनी कार पार्क की थी। मंदिर से लौटने के बाद कार के गेट का लॉक टूटा पाया। मधु कंवर ने पुलिस को बताया कि कार में कीमती सोने-चांदी के आभूषण और दो मोबाइल फोन रखे थे। अज्ञात चोरों ने कार के गेट का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

**अजमेर,** (कासं)। अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला शाखा अजमेर के प्रदेशव्यापी आव्हान पर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वहीं जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम मांग सौंप कर मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला शाखा अजमेर की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी ने कलेक्टर डॉ. दीक्षित को दिए ज्ञापन के पश्चात मीडिया को बताया कि केंद्र सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की है। अत: न्यूनतम मजदूरी 18 हजार रुपए प्रति माह की जाए, वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार का मानदेय अलग-अलग जमा होता है। केंद्र सरकार का छह माह का मानदेय बकाया है, जबकि अन्य प्रदेशों में एक साथ मानदेय जमा होता है, प्रदेश में इसे लागू किया जाए।

## मकान का हिस्सा गिरा, दोहिते की मौत

**नागौर,** (निसं)। जिले की मूंडवा तहसील के भटनोखा गांव में मंगलवार दोपहर दो बजे अचानक एक मकान का पीछे का हिस्सा गिर गया। नानी और दो दोहिते मलबे में दब गए। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। नानी और दूसरे दोहिते का नागौर के जेएलएल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार हादसे के समय घर में 9 लोग मौजूद थे, मकान गिरने की आवाज सुनकर 6 लोग तो भागकर बाहर आए गए। लेकिन एक कमरे में बासनी निवासी दो दोहितों मोहित (7) और विवेक (3) पुत्र भुटाराराम के साथ खैल रही नानी मैना (65) पत्नी अमराम मलबे में दब गए। तीनों को ग्रामीणों ने मलबे से निकाला और घायल हालत में जेएलएन अस्पताल ले जाया गया, जहां मोहित को मृत घोषित कर दिया। मोहित के पिता की दो वर्ष पूर्व एक सडक हादस में मौत हो गई थी। नानी के पैर में फ्रैक्चर हुआ है वहीं विवेक को भी ज्यादा चोट आई है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। मकान का पलस्तर होना बाकी था।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

**अजमेर,** (कासं)। सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर गत एक सप्ताह से हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। मंगलवार से सभी सफाई कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुट गए। पटरी से उतरी शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने में करीब तीन-चार लगेंगे। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी दिलीप भंभानी ने बताया कि सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिका देने की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों की यूनियन के पदाधिकारियों की जयपुर में मंत्री स्तर पर हुई वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त कर दी। सरकार ने उन्हें आश्वस्त किया है कि भर्ती को निरस्त कर, नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नई भर्ती प्रक्रिया में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दी जाएगी।

स्वास्थ्य अधिकारी भंभानी ने बताया कि हड़ताल के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों, कॉलोनियों सहित कचरा डिपो कचरे से अटे पड़े थे, मंगलवार से सफाई ठेकेदार सहित निगम के स्थाई व अस्थाई कर्मचारियों ने कचरा उठाना शुरू कर दिया। निगम प्रशासन द्वारा अतिरिक्त संसाधान लगाकर भी कचरा उठाया जा रहा है। शहर के 80 वार्डों में 190 ऑटो ट्रीपर डोर टू डोर कचरा संग्रहण में लगे हैं। वर्तमान में 175 ऑटो ट्रीपर का संचालन किया जा रहा है।

ठेकेदार द्वारा घरों से कचरा उठाने का काम आरंभ शुरू कर दिया है, जिन क्षेत्रों में डोर टू डोर कचरा नहीं उठा हैं, वहां पर जल्द कचरा उठाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पुष्कर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने सरोवर सहित मुख्य बाजार की सफाई में जुट गए। वही सरोवर के घाटों पर पुरोहित समुदाय, दुकानदारों, संघ के स्वयं सेवको व सिविल डिफेंस टीम द्वारा भी अभियान चलाकर सरोवर के किनारे जमा कचरा निकाला गया तथा घाटों की साफ-सफाई की।

## झूला महोत्सव का समापन 22 अगस्त को होगा

**पुष्कर,** (निसं)। मंदिरों की नगरी पुष्कर स्थित श्री रमा वैकुंठ (नए रंगजी) मंदिर में सालाना 15 दिवसीय सावन के झूले बुधवार कल से शुरू होंगे। झूला महोत्सव का समापन 22 अगस्त को होगा। मंदिर के व्यवस्थापक सत्यनारायण रामावत ने बताया कि सावन माह के उपलक्ष में छोटी तीज से बड़ी तीज तक प्रतिवर्ष की भांति 15 दिवसीय झूला महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम को भगवान वैकुंठनाथ, रंगनाथ, महालक्ष्मी जी व गोदाम्बाजी का रत्न आभूषणों से श्रृंगार कर हिंडौले सजाए जाएंगे। वहीं झूला मंडप में विद्युत यंत्रों से रामलीला, गो-दोहन लीला, रासलीला, नृसिंह लीला, शिव तांडव नृत्य आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा मंडप के दूसरे छौर पर पुष्कर, अयोध्या, वृंदावन, चित्रकूट, हरिद्वार, बद्रीनाथ सहित कई तीर्थ स्थलों को दृश्या जाएगा। झूलों के प्रतिदिन शाम 7 से रात 10 तक दर्शन होंगे।

## नवदुर्गा मंडल की कावड़ यात्रा व सहस्त्रधारा का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। श्रावण मास में भागवान भोलेनाथ की अराधना को लेकर शहर में कावड़ यात्रा की धूम है तो वहीं मंदिरों में सहस्त्रधारा, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक सहित धार्मिक आयोजन चल रहे है। नवदुर्गा मंडल की ओर से प्रथम कावड़ यात्रा व सहस्त्रधारा धार्मिक आयोजन के संपन्न हुई।

नवदुर्गा मंडल के अध्यक्ष सागर मीणा ने बताया कि सावन मास के अवसर पर नवदुर्गा मण्डल की ओर से प्रथम कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी शिवभक्त प्रात: 4 बजे ब्रह्मा की की नगरी तीर्थराज पुष्कर के गऊ घाट पहुंचे और वहां से कावड़ में जल भर कर प्रस्थान किया, पुष्कर से गतंव्य स्थान तक पूरे रास्ते बमङबम भोले के जयकारो के साथ बारिश की फुहारों के बीच नाचते गाते पूर्ण भक्तिभाव से चन्द्रवरदाई नगर सर्वेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात भक्तों ने सहस्त्रधारा कर शिवजी का जलाभिषेक किया।

**झरनेश्वर महादेव महाआरती व भंडारे का आयोजन:-** प्राचीन मराठा कालीन तारागढ़ पहाडी पर स्थापित झरनेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास में सैकडो की संख्या में श्रद्धालु पूजन करके अपनी आस्था के अनुरूप पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर सिन्धी मंडल के अध्यक्ष नारी भाई देवानी और उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी ने बताया कि सावन मास और पूज्य झूलेलाल साहिब के चालीहा महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को पूजन, अखो आरती पंजडे सहित महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ीसंख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। मंगलवार को सावन माह के अवसर पर पुष्कर तीर्थ सहित अन्य स्थानों से आने वाले कावडियो द्वारा पहाडी पर स्थित प्राचीन मन्दिर में पूजन करके अपने परिवार व देश दुनियां की खुशहाली की प्रार्थना की गई।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक : न.पा.बि./निर्माण स्वी./2024/2195 दिनांक: 6.8.2024

-: आम सूचना:-

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदनकर्त्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 64 | दीपक विश्नावत पुत्र शिवराज | आबादी क्षेत्र राजनगर शिवमंदिर के पास बिजयनगर | 136.56 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक : न.पा.बि./निर्माण स्वी./2024/2166 दिनांक: 6.8.2024

-: आम सूचना:-

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदनकर्त्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 181 | इलियास अली पुत्र बरकत अली अंसारी | योगेन्द्रराज सिंघवी पुत्र उत्तमराज सिंघवी | 115.45 SQ. Yards | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल: अजमेर**

क्रमांक: 779 दिनांक: 31-7-2024

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-क-36 आनासागर सरक्यूलर रोड़ अजमेर में श्री मुरलीधर पुत्र श्री बेन्सीमल को आवंटित कर दिनांक 17.03.1980 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री मुरलीधर पुत्र श्री बेन्सीमल ने मुख्तयारनामा आम श्री रूपचन्द पुत्र श्री जैठानन्द रायसिंघानी के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री रूपचन्द पुत्र श्री जैठानन्द रायसिंघानी द्वारा मुख्तयारनामा आम के आधार पर स्वंय के पक्ष में दिनांक 31.03.1993 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्री रूपचन्द की मृत्यु दिनांक 28.05.2002 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री रमेश चन्द पुत्र स्व. श्री रूपचन्द द्वारा रजिस्टर्ड अन्तिम इच्छापत्र प्रस्तुत कर मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। मण्डल द्वारा श्री रमेश चन्द पुत्र स्व. श्री रूपचन्द के पक्ष में दिनांक 29.03.2016 को मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री रमेश चन्द रायसिंघानी पुत्र श्री रूपचन्द रायसिंघानी ने उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) श्रीमती आशा रायसिंघानी पत्नी श्री रमेश चन्द रायसिंघानी के पक्ष में दिनांक 18.10.2023 को निष्पादित की गई। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द स 2214 में पृष्ठ सं. 189 क्रम सं. 2023030011108902 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 5852 के पृष्ठ सं. 1 से 11 पर दिनांक 18.10.2023 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती आशा रायसिंघानी पत्नी श्री रमेश चन्द रायसिंघानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती आशा रायसिंघानी पत्नी श्री रमेश चन्द रायसिंघानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर


## सावन के पावन माह में की शिव आराधना

**ब्यावर,** (निसं)। श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वद्धर्मान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग द्वारा पवित्र सावन मास के उपलक्ष में शिव जी की आराधना और साधना के उद्देश्य से शिव-पार्वती के स्वरुप तैयार किये गए। फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं द्वारा शिव व पार्वती के वस्त्र डिजाइन किए गए व मेकअप की छात्राओं द्वारा मनमोहक रूप सजाया गया। इस शुभ अवसर पर शिव की भूमिका महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा कंवर और पार्वती की भूमिका आंचल सांखला ने निभाई। इस दौरान शिव पार्वती के स्वरुप का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया साथ ही महादेव के तांडव की प्रस्तुति भी दी गयी।

इस अवसर पर शिक्षण समिति मंत्री डा. नरेन्द्र पारख ने छात्राओं द्वारा तैयार किये गए स्वरूपों की प्रशंसा की। साथ ही उन्हें आने वाले समय में अपनी कला के द्वारा हर त्यौहार को महाविद्यालय प्रांगण में अलग तरह से मनाने हेतु प्रोत्साहित किया।महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर.सी. लोढा ने छात्राओं द्वारा शुरू किये गए इस नवीन अभिनव की सराहना करते हुए कहा कि साक्षात् शिव पार्वती के वद्धर्मान प्रांगण में आगमन से माहौल भक्तिमय हो गया है।यह जीवंत झांकियां मुख्य आकर्षण केंद्र रही और इन्हें देख सभी मन्त्रमुग्ध हो गए।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने ज्ञापन सौंपकर, स्थाईकरण, मानदेय बढ़ोतरी की मांग की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ भीलवाड़ा द्वारा स्थायीकरण, मानदेय बढोतरी, तथा सेवानिवृत बहनों को ग्रेच्युटी, पेन्शन देने एवम् अन्य मांगो को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान को कलक्टर भीलवाड़ा के जरिये ज्ञापन दिया।

संघ की जिलाध्यक्ष रजनी शक्तावत एवम् महामंत्री कमलेश हाड़ा तथा प्रभाष चौधरी, संरक्षक ने बताया कि केन्द्र एवम् राज्य की सरकार ने चुनावों के समय आंगनबाड़ी कर्मियो से मानदेय बढोतरी ग्रेच्युटी, पेन्शन देने का वादा किया था किन्तु दोनों सरकारों के द्वारा प्रस्तुत बजट में हमें निराशा ही हाथ लगी, एक नया पैसा भी सरकारो ने नहीं बढ़ाया । हमारी वर्षो से मांग है कि हमें स्थाई किया जावे वो भी सरकार ने केवल सूचीयॉ मांग कर खानापूर्ति कर दी इस प्रकार अनदेखी से देश और प्रदेश की लाखों आंगनबाडी कर्मियो में नाराजगी बढ़ रही है।

- कर्मचारी संघ ने स्थायीकरण, मानदेय बढोतरी, तथा सेवानिवृत बहनों को ग्रेच्युटी, पेन्शन देने व अन्य मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलक्टर को ज्ञापन दिया

आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

संगठन जल्दी ही बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा। भामस के जिलामंत्री शेलेन्द्र सिंह राठौड़, संगठन मंत्री हरीश सुवालका ने भी राज्य सरकार एवम् केन्द्र सरकार की इन बहनों की वाजीब मांगो की अनदेखी करने पर नाराजगी जताते हुये कहा कि दोनों सरकारो का सारा काम इन बहनों को करना होता है पर मानदेय के नाम पर इनका शोषण किया जा रहा है इसे भामस चुपचाप सहन नहीं करेगा। शीघ्र ही बड़े आंदोलन का निर्णय केन्द्र एवम् राज्य सरकार के खिलाफ किया जायेगा। ज्ञापन में शिवजी गारू व कन्हैया लाल माली, सपना चौधरी, मंजू पाण्डे, सावित्री व्यास रंजना चौधरी वीना भट्ट, पदमा शर्मा, गीता शर्मा, शकुन्तला श्रृंगी, बृजमाला शर्मा, ममता बलाई, राज भँवर, चन्दा प्रजापत, रेखा शर्मा, आशा भट्ट एवम् सैकडो की संख्या में बहनें उपस्थित थी।

## 35 व्यक्ति लाभांवित

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा आओ गांव चले सेवा करे एवं आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी व अन्य भामाशाहों के सहयोग से तीर्थराज पुष्कर के पास बसा ग्राम चावंडिया के स्लम एरिया में कच्ची बस्ती में कालबेलिया संप्रदाय के व्यक्ति अपना जीवन यापन कर रहे है उनक परिवारों को वस्त्र, फल के साथ खाद्यसामग्री की सेवा दी गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि सामाजिक सरोकार के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में क्लब की सेवा गिरधारी सेन, हरिकिशन सेन को सौंपी गई, जिसे इस क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के साथ अन्य व्यक्तियों को क्लब द्वारा सामग्री वितरित की।


**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

केन्द्रीय छात्रवृत्ति फ्रेश वर्ष 2024 व वर्ष 2020 से 2023 तक के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली की केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। राजस्थान बोर्ड के ऐसे परीक्षार्थी जो Top 20 पर्सेंटाइल (जिनके प्राप्तांक Gen-420, OBC-427, SC-409, ST-391 या उससे अधिक हों) की श्रेणी में आते हैं, वे 31.10.2024 को (रात्रि 12.00 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ग में दिव्यांगो (PwDs) का 5% आरक्षण है। राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में Science, Commerce and Hum